# राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल, जयपुर

सी–7, सुल्तान हाउस, सवाई जयसिंह हाईवे बनीपार्क, जयपुर–302016
फोन नम्बर 0141–4004914 **Website:-** www.rajasthanparamedicalcouncil.org

**क्रमांक:–** प. 18 ( )/काउ.(सत्र 2024–25)/रा.पै.मेडि.कौं/2024/376 **दिनांक:–** 6/8/24

## :: संक्षिप्त विज्ञप्ति ::

**(पैरामेडिकल डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षण सत्र 2024–25 में प्रवेश हेतु)**

राजस्थान राज्य में राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल से मान्यता प्राप्त निजी एवं राजकीय महाविद्यालय/संस्थानों में निम्नलिखित पैरामेडिकल डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में सत्र 2024–25 में प्रशिक्षण हेतु प्रवेश लेने के लिए ऑनलाइन आवेदन–पत्र दिनांक 12.08.2024 से 27.08.2024 तक आमंत्रित किये जाते है।

**आवेदन हेतु पात्रता/योग्यता की प्रमुख शर्ते निम्नानुसार है –**

| क्र.सं. | विषय | विवरण |
|---|---|---|
| 1 | शैक्षणिक योग्यता | i. विज्ञान संवर्ग (रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान, जीव विज्ञान/गणित) एवं अंग्रेजी विषय से (10+2) सीनियर सैकेण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान अजमेर के अलावा अन्य शिक्षा बोर्ड से उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के संबंध में उनकी शैक्षणिक योग्यता की समकक्षता को माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान अजमेर के द्वारा जारी अनुदेशिका–2020 के समकक्ष मापदण्डों के अनुसार चैक किया जायेगा।<br>ii. सीनियर सैकेण्डरी परीक्षा (10+2) में अनारक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए 45 प्रतिशत तथा शेष अन्य वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए 40 प्रतिशत न्यूनतम प्राप्तांक अनिवार्य है। 10वीं कक्षा उत्तीर्ण करने के पश्चात् आई.टी.आई. एवं पोलोटैक्नीक प्रशिक्षण प्राप्त अभ्यर्थियों को पैरा मेडिकल पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षण हेतु मान्य नहीं माना जायेगा।<br>iii. अभ्यर्थी द्वारा (10+2) उच्च माध्यमिक (Senior Secondary) की परीक्षा सत्र 2023–24 तक उत्तीर्ण करना अनिवार्य है, सत्र 2023–24 के पश्चात् उत्तीर्ण अभ्यर्थी आवेदन के लिए पात्र नहीं होगे। |
| 2 | आयु (31 दिसम्बर 2024) | दिनांक 31 दिसम्बर 2024 तक आवेदक को 17 वर्ष की आयु पूर्ण करनी अनिवार्य है। |
| 3 | सीटों की संख्या | ऑनलाइन आवेदन पत्र स्वीकार करने के पश्चात् राजस्थान पैरा मेडिकल कौंसिल से मान्यता प्राप्त निजी एवं राजकीय महाविद्यालय/संस्थानों की सूची एवं उनमें प्रवेश हेतु निर्धारित सीटों की संख्या (पाठ्यक्रमवार), विकल्प पत्र भरने के समय ऑनलाइन पॉर्टल एवं विभाग की वैबसाईट पर उपलब्ध रहेगी। |
| 4 | आरक्षण | आरक्षण राजस्थान सरकार के नियमानुसार देय है। |
| 5 | पाठ्यक्रम की अवधि | 2 वर्ष |
| 6 | पाठ्यक्रम एवं परीक्षा का माध्यम | सभी पैरा मेडिकल महाविद्यालय/संस्थाओं में पैरा मेडिकल पाठ्यक्रम प्रशिक्षण का माध्यम हिन्दी/अंग्रेजी होगा तथा परीक्षा का प्रश्न पत्र हिन्दी/अंग्रेजी भाषा में होगा, जिसका उत्तर हिन्दी/अंग्रेजी भाषा में दिया जाना अनिवार्य होगा। |
| 7 | प्रशिक्षण शुल्क | प्रथम वर्ष– 50,000/– एवं द्वितीय वर्ष– 55,000/– |
| 8 | प्रवेश प्रकिया | सीनियर सैकण्डरी परीक्षा के कुल प्राप्तांको के प्रतिशत के आधार पर मेरिट निर्धारित की जा कर अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत महाविद्यालय/संस्था एवं पाठ्यक्रम के समुच्चय (Combination) के विकल्प के आधार पर प्रवेश दिया जायेगा। |
| 09 | आवेदन शुल्क | अनारक्षित वर्ग, अन्य पिछड़ा वर्ग, अति पिछड़ा वर्ग एवं आर्थिक कमजोर वर्ग (EWS) के अभ्यर्थियों को 1500/– (अक्षरे रूपये एक हजार पांच सो मात्र) आवेदन शुल्क तथा शेष अन्य वर्ग के अभ्यर्थियों को 1000/– (अक्षरे रूपये एक हजार मात्र) |

| | | |
|---|---|---|
| | | आवेदन शुल्क का ऑनलाइन भुगतान करना होगा। |
| 10 | **आवेदन करने की प्रक्रिया** | अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन पत्र ई–मित्र कियोस्क पर जाकर अथवा स्वंय के स्तर से भर सकता है। ऑनलाइन आवेदन के लिए वैबसाईट www.rajasthanparamedicalcouncil.org पर जाकर वहाँ पर प्रवेश हेतु आवेदन के लिए दिये गये लिंक पर जाकर आवेदन किया जा सकता है। |
| 11 | **आवेदन की तिथि** | ऑन लाइन आवेदन दिनांक 12.08.2024 से 27.08.2024 तक आवेदन भरे जायेंगे। ऑफ लाइन तथा निर्धारित समय उपरान्त कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेंगे। |

**नोटः–**

1. अभ्यर्थी द्वारा ऑन लाइन आवेदन करने के पश्चात् कौंसिल के द्वारा जारी समयानुसार महाविद्यालय/संस्था एवं पाठ्यक्रम के समुच्चय (Combination) के विकल्प भरते समय अग्रिम प्रशिक्षण शुल्क राशि 10000/– (अक्षरे दस हजार रूपये मात्र) जमा कराना आवश्यक होगा तथा विकल्प में अधिकतम चार पाठ्यक्रमों का ही चयन कर सकते है किन्तु इन चयनित चार पाठ्यक्रमों के साथ संस्थानों/महाविद्यालयों के कितने भी समुच्चय (Combination) को विकल्प के रूप में भर सकते है।
2. आवेदन किये जाने से पूर्व समस्त अभ्यर्थी/अभिभावक को निर्देशित किया जाता है कि वें विभागीय वैबसाईट www.rajasthanparamedicalcouncil.org पर विस्तृत विज्ञप्ति एवं महत्वपूर्ण सूचना/दिशा–निर्देश ध्यानपूर्वक अवश्य पढ़े।

**संलग्न करने योग्य आवश्यक दस्तावेजः–**

1. माध्यमिक (सैकण्डरी) कक्षा की अंक–तालिका एवं उत्तीर्ण का प्रमाण–पत्र।
2. उच्च माध्यमिक 10+2 (सीनियर सैकण्डरी) कक्षा की अंक–तालिका (PCB/PCM एवं अंग्रेजी अनिवार्य) एवं उत्तीर्ण का प्रमाण–पत्र।
3. प्रव्रजन प्रमाण–पत्र (Migration Certificate) जहां से अन्तिम शिक्षा प्राप्त की हो।
4. जाति प्रमाण–पत्र (यदि लागू हो तो)
5. मूल निवास प्रमाण–पत्र।
6. विशेष मूल निवास प्रमाण–पत्र (यदि लागू हो तो)
7. दिव्यांगजन प्रमाण–पत्र (यदि लागू हो तो)
8. विधवा/तलाकशुदा प्रमाण–पत्र (यदि लागू हो तो)
9. Ex-Serviceman प्रमाण–पत्र (यदि लागू हो तो)
10. अल्पसंख्यक प्रमाण–पत्र (यदि लागू हो तो)
11. आधार कार्ड/जनाधार कार्ड अथवा अन्य कोई भी फोटो पहचान पत्र, जो राज्य/केन्द्र सरकार द्वारा जारी की गई।

**नोटः–** ऑनलाइन आवेदन करते समय अभ्यर्थी के पास समस्त उपरोक्त मूल **(Original)** दस्तावेज होना अनिवार्य है। ऑन लाइन आवेदन में दस्तावेजों की छायाप्रतियों का उपयोग नहीं करें।

रजिस्ट्रार